TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar


*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 30 अप्रैल

1. **मुजफ्फरपुर बम काण्ड–** आजादी के संघर्ष के दौरान खुदीराम बोस ने मुजफ्फरपुर के जिला न्यायाधीश डी0एच0 किंग्सफोर्ड की हत्या की योजना बनाई। 30 अप्रैल, 1908ई. को किंग्सफोर्ड की जगह गलती से मुजफ्फरपुर के चर्चित वकील प्रिंगले केनेडी की गाड़ी पर खुदीराम बोस तथा प्रफूल्ल चाकी ने बम फेंक दिया। बग्घी में सवार केनेडी की बेटी घटनास्थल पर ही मर गई और अस्पताल में केनेडी की पत्नी ने दम तोड़ दिया। इस बम विस्फोट काण्ड में किंग्सफोर्ड बच गया। खुदीराम बोस रातों–रात मीलों पैदल चलकर बैनी रेलवे स्टेशन पहुँचे। कुछ लोगों द्वारा इस घटना की चर्चा चल रही थी जिसपर खुदीराम बोस अचानक बोल पड़े 'क्या किंग्सफोर्ड नहीं मरा?' वहाँ के लोगों को खुदीराम बोस पर शक हुआ और ये पकड़े गये। मुकदमा चलाकर खुदीराम बोस को 11 अगस्त, 1908ई. को फाँसी दे दी गई। उधर प्रफूल्ल चाकी ने स्वयं को गोली मार लिया।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 12, राष्ट्रीय आंदोलन**
2. **इलेक्ट्रॉन की खोज–** 30 अप्रैल, 1897 ई. को जोसफ जॉन थॉमसन ने इलेक्ट्रॉन के अस्तित्व की प्रथम घोषणा रॉयल इंस्टीट्यूट में की थी।
3. **हिटलर की मृत्यु–** 30 अप्रैल, 1945 ई. को हिटलर ने आखिरी साँस ली थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान बर्लिन के चारों तरफ से सोवियत सेना द्वारा घिर जरने के बाद हिटलर के पास हार स्वीकार करने और आत्म हत्या करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा था। वह नहीं चाहता था की जिंदा दुश्मनों के हाथ लगे और उसे घसीटा–पीटा जाए। हिटलर ने अपने बंकर के स्टडी रूम में खुद को बंद कर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।




T u e s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

30 अप्रैल

## मधु प्रिया


## दादासाहब फालके का जन्म 30 अप्रैल




दादासाहब फालके का पूरा नाम धुंडीराज गोविन्द फालके है और इनका जन्म महाराष्ट्र के नाशिक शहर (प्रसिद्ध तीर्थ) से लगभग 20- 25 किमी की दूरी पर स्थित बाबा भोलेनाथ की नगरी त्र्यंबकेश्वर (यहाँ प्रसिद्ध शिवलिंगों में से एक स्थित भी है) में 30 अप्रैल 1870 ई. को हुआ था। इनके पिता संस्कृत के प्रकांड पंडित थे और मुम्बई के एलफिंस्तन कालेज में प्राध्यापक थे। इस कारण दादासाहब की शिक्षा-दीक्षा मुम्बई में ही हुई। चलचित्र-निर्माण की ललक इतनी बड़ गई कि उन्होंने चलचित्र-निर्माण संबंधी कई पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन किया और कैमरा लेकर चित्र खींचना भी शुरु कर दिया। जब दादासाहब ने चलचित्र-निर्माण में अपना ठोस कदम रखा तो इन्हें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जैसे-तैसे कुछ पैसों की व्यवस्था करचलचित्र-निर्माण संबंधी उपकरणों को खरीदने के लिए दादासाहब लंदन पहुँचे। वे वहाँ बाइस्कोप सिने साप्ताहिक के संपादक की मदद से कुछ चलचित्र-निर्माण संबंधी उपकरण खरीदे और कुछ दिनों बाद वापस मुम्बई आ गए। उन्होने दादर में अपना स्टूडियो बनाया और फालके फिल्म के नाम से अपनी संस्था स्थापित की। आठ महीने की कठोर साधना के बाद दादासाहब के द्वारा पहली मूक फिल्म "राजा हरिश्चंन्द्र" का निर्माण हुआ। इस चलचित्र (फिल्म) के निर्माता, लेखक, कैमरामैन इत्यादि सबकुछ दादासाहब ही थे। इनकी मृत्यु 16 फ़रवरी 1944 उम्र 73 वर्ष की आयु में नासिक, में हुई।

# जयंती विशेष 30 अप्रैल

राकेश कुमार



भारतीय फिल्म जगत के 'पितामह' कहे जाने वाले प्रसिद्ध फिल्म निर्माता,निर्देशक एवं लेखक

## दादा साहब फाल्के जी

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

**दादा साहब फाल्के** *Dada Saheb Phalke*, जन्म: 30 अप्रैल, 1870; मृत्यु: 16 फ़रवरी, 1944) प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशक एवं पटकथा लेखक थे जो भारतीय सिनेमा के पितामह की तरह माने जाते हैं। दादा साहब फाल्के की सौवीं जयंती के अवसर पर दादा साहब फाल्के पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी। दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार है, जो आजीवन योगदान के लिए भारत की केंद्र सरकार की ओर से दिया जाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 30.04.2024

## कलमकारी

कलमकारी भारत की प्रमुख लोककलाओं में से एक है। क़लमकारी एक हस्तकला का प्रकार है जिस में हाथ से सूती कपड़े पर रंगीन ब्लॉक से छाप बनाई जाती है। क़लमकारी शब्द का प्रयोग कला एवं निर्मित कपड़े दोनो के लिए किया जाता है। मुख्य रूप से यह कला भारत एवं ईरान में प्रचलित है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
भारत में शहद का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।
www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## तीरंदाजी

# आर्चरी वर्ल्डकप में भारतीय पुरुष टीम ने जीता गोल्ड: 14 साल बाद मेंस रिकर्व कैटेगरी में मिला सोना, ओलिंपिक चैंपियन कोरिया को हराया




तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की टीम ने भारत को गोल्ड दिलाया।

आर्चरी में भारतीय रिकर्व मेंस टीम ने टॉप रैंक वाली साउथ कोरिया की टीम को हराकर 14 साल बाद आर्चरी वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीता। आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-1 चीन के शंघाई में खेला जा रहा है। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की मेंस टीम ने भारत को गोल्ड दिलाया।

**TOB बूझो तो जानें..**



388

हरी झंडी लाल कमान, तोबा तोबा करे इंसान .......

बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 372

**किस देश ने भारत के लिए पहला रक्षा सलाहकार नियुक्त किया है?**



A. मैक्सिको

B. श्रीलंका

C. पापुआ न्यू गिनी

D. रूस

www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C




प्रथम भारतीय चलचित्र बनाने का असंभव कार्य करनेवाले, पर्दे पर सजीव रचनात्मकता के प्रथम सृजनकर्ता, भारतीय सिनेमा के जनक

# दादा साहेब फाल्के

जी की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 30 अप्रैल 1870 मृत्यु-16 फरवरी 1944

मधु प्रिया

/teachersofbihar




भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान, तकनीक और निडर आक्रमण का अचूक संतुलन साध कर विरोधी टीम के लिए एक कठिन आह्वान बनने वाले भारतीय खिलाड़ी

## रोहित शर्मा

जी के जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं।

जन्म 30 अप्रैल 1987

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

30 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार